# खतरों का पुल, आफत में राहगीरों की जान




**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र में स्थित बाणसागर सोन नदी पुल आज खतरनाक हालात में पहुंच चुका है। बावजूद जान को जोखिम में डालकर आवाजाही बदस्तूर जारी है। 1986 में बना यह ऐतिहासिक पुल अब जर्जर हो चला है और 10 जून को इसका ऊपरी हिस्सा करीब 1 मीटर तक टूट गया, जिससे इस मार्ग से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। शहडोल से रीवा होते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग फिलहाल दुर्घटना की आशंका का पुल बन चुका है। इसके बावजूद 25 से अधिक गांवों के ग्रामीण जान हथेली पर रखकर लोहे की पट्टी के सहारे पुल पार कर रहे हैं। बाइक सवारों की हालत तो और भी दयनीय है। हर गुजरते पल के साथ हादसे की आशंका मंडरा रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### 30 किलोमीटर लंबा डायवर्ट मार्ग

लोग रोजमर्रा के कामों, स्कूल, अस्पताल और नौकरी के लिए इसी रास्ते पर निर्भर हैं, लेकिन अब तक कोई पुख्ता वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। सिर्फ खानापूर्ति के लिए 30 किमी लंबा डायवर्ट मार्ग सुझाया गया है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। संबंधित विभाग ने क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम तो शुरू कर दिया है, लेकिन गति बेहद धीमी है। पुल के संरचनात्मक हालात बेहद कमजोर हैं और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो यह पूरा पुल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। यह सिर्फ एक पुल नहीं, हजारों लोगों की जिंदगी का रास्ता है। प्रशासन को चाहिए कि इसे प्राथमिकता में लेकर तुरंत वैकल्पिक पुल की व्यवस्था करे और सुधार कार्य को तेज गति से पूर्ण करे। नहीं तो अगली खबर दुर्घटना की हो सकती है।

# गोवा में चमका पन्ना का हीरा, हर्ष ने जीता नेशनल में सिल्वर मैडल



**पन्ना, देशबन्धु।** 17 वीं यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया पेडम स्पोर्ट्स कंपलेक्स मापुसा गोवा में आयोजित की गई जहां पन्ना के हर्ष रैकवार ने नेशनल सिल्वर मेडल जीत पन्ना का नाम रोशन किया। उल्लेखयनिय है कि मध्य प्रदेश के पन्ना से हर्ष रैकवार का 200 मीटर दौड़ में एथलीट चैंपियनशिप गोवा के लिए न केवल चयन हुए बल्कि हर्ष रैकवार ने सिल्वर मेडल जीतकर कर दिखाया।आपको बतादें कि हर्ष रैकवार वही हे जो पहले मलखम खेल में जिले में प्रथम स्थान पाकर संभाग में खेले थे फिर वहां से प्रथम स्थान पाकर स्टेट में मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन कर चुके है। उनकी माध्यमिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस सतना में हुई उसके बाद हाई स्कूल एवं फिजिकल स्पोर्ट हरियाणा के झज्जर स्थित महान क्रिकेटर सहवाग इंटरनेशनल स्कूल में हुई। मलखम खेल न होने के कारण हर्ष रैकवार ने एथलीट में अपनी रुचि रखते हुए अपने आप को बढ़ाया। पिछले बार नेशनल गेम में विहार पटना में 1600 मीटर दौड़ में भी हिस्सा ले चुके हे। सहवाग इंटरनेशनल स्कूल में भी कई ट्राफियां ले चुके हैं। हरियाणा में योग में भी द्वितीय स्थान पाकर नाम रोशन कर चुके हैं। आगे बता दें की हर्ष रैकवार पिता निषाद माँझी महासभा के जिला अध्यक्ष समाजसेवी गौसेवक में अपनी पहचान बनाने वाले संतोष कुमार चाणक्य जी के छोटे बेटे हैं इनकी माता कविता चाणक्य रैकवार हैं जो लगातार दो बार से भाजपा की पार्षद हैं जो अलग अलग वार्डो से जीत चुकी हैं वर्तमान में वार्ड नं 13से पार्षद हैं साथ ही भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री भी हैं। जो अपने सामाजिक कार्य एवं विकास के लिए जानी जाती हैं। हर्ष रैकवार की इस उपलब्धि के लिए जिले वासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### पंचायत में 6 सचिव सस्पेंड, खराब कार्य प्रगति पर एक्शन, उपयंत्री और रोजगार सहायकों को नोटिस



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिला पंचायत में शनिवार को हुई समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय सिंह ने कई योजनाओं की समीक्षा की। इनमें जल गंगा संवर्धन अभियान, सीएम हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण आदि।

### जीवन बीमा निगम में आज से खेल प्रतियोगिता

**शहडोल, देशबन्धु।** भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, शहडोल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शहडोल मण्डल की मेजवानी में मध्य क्षेत्रीय 44 वीं शतरंज एवं 57 वीं कैरम प्रतियोगिता शहडोल में 16 एवं 17 जून को प्रादेशिक प्रबंधक (मानव संसाधन विकास) क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल पुरुषोत्तम नागपुरे के मुख्य आतिथ्य एवं शहडोल मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक मुकेश रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है।आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि इन प्रतियोगिता में में मध्य क्षेत्र के भोपाल मण्डल, बिलासपुर मण्डल, जबलपुर मण्डल, सतना मण्डल, ग्वालियर मण्डल, इंदौर मण्डल, रायपुर एवं शहडोल मण्डल के प्रतिभागी शिरकत करेंगे।



### नगर परिषद ने हटवाया अतिक्रमण

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यौहारी शरद गौतम ने जानकारी दी है कि नगर परिषद ब्यौहारी द्वारा शहडोल-रीवा मार्ग पर सड़क किनारे स्थित छह अवैध दुकानों को हटवाया गया है। यह कार्रवाई सड़क पर आवागमन में बाधा डालने की शिकायतों के मद्देनजर की गई है। शहडोल-रीवा मार्ग पर स्थापित लोहे की टीन से बनी दुकानों ने न केवल सड़क पर अव्यवस्था फैलाई थी, बल्कि वहां से गुजरने वाले वाहनों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर दिया था। शहडोल-रीवा मार्ग से अतिक्रमण हटजाने से आवागमन सुगम होगी।

### अहमदाबाद में हवाई दुर्घटना में मारे गए लोगों को कैंडल जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**पन्ना, देशबन्धु।** श्री चित्रगुप्तमंदिर प्रांगण पन्ना मे कायस्थ समाज के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें अहमदाबाद मे हुई हृदय विदारक हवाई दुर्घटना में मृत हुए लोगों की आत्मा की शांति हेतु केंडिल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पीड़ित परिवारों को उक्त वज्रपात सहन करने की शक्ति ईश्वर से देने की प्रार्थना की गई इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पी. एन.खरे,जे.पी.खरे,अनंत मोहन खरे,आलोक खरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अभिषेक खरे सचिव, तरुण खरे कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, महेश प्रसाद खरे शारदा अशोक खरे,जितेंद्र श्रीवास्तव, अजयकांत खरे, मनीष खरे, प्रशान्त खरे आदि उपस्थित रहे।

### सीआईएसएफ के जवानों ने भोजन में मोटा अनाज किया शामिल

**पन्ना, देशबन्धु।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा अपने भोजन में मोटा अनाज शामिल किया है जवानों द्वाराभोजन मैं 30त्न मोटा अनाज शामिल किया है जिसको लेकर पूरे देश में सराहना हो रही है तथा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी दैनिक जीवन में प्रभावी कदम माना जा रहा है उक्त कदम ग्रहमंत्रालय के मार्गदर्शन में लिया गया है ज्ञात हो की वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मोटा अनाज दिवस घोषित किया गया था तथा इसी के उपलक्ष में मोटा अनाज को भोजन में अन्न योजना के तहत शामिल किया गया था।

# पन्ना के टैक्निकल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

### तहसीलदार अखिलेश प्रजापति और टीआई रोहित मिश्रा रहे विशिष्ट अतिथि

**पन्ना, देशबन्धु।** के सिविल लाइन स्थित पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ पन्ना टीआई रोहित मिश्रा और तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने किया। पहले खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया और इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने टॉस फेक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, क्ल टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा ले रही हैं।

लेदर बॉल के इस टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पन्ना की ए टीम और अमानगंज की टीम के बीच खेला गया जिसमें अमानगंज में टॉस जीतकर बॉलिंग की पन्ना की ए टीम ने बैटिंग करते हुए 136 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 50 रन शुभ त्रिपाठी ने बनाये ओपनिंग जयराज सिंह और चिराग बागोरा ने की जिसमें जयराज सिंह ने 36 रन बनाकर आउट हुए , कुश अग्रवाल ने 20 रन जोड़े पूरी टीम ने चार विकेट पर 136 रन बनाए, लक्ष्य का सामना करने के लिए उतरी डायमंड क्रिकेट क्लब अमानगंज ने अच्छा खेल दिखाए पर पूरी टीम 115 रन के स्कोर पर आउट हो गई पन्ना की ओर से कुश अग्रवाल ने 2 और सक्षम विश्वकर्मा ने 2, प्रिंस पाठक ने एक और उमंग यादव ने 2 विकेट लिए और कैच पकडे, खिलाड़ियों में इतना उत्साह था कि 3 बजे से कड़ाके की धूप में सभी खिलाड़ी खेलने मैदान में उतरे मुख्य अतिथि रोहित मिश्रा जो क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी है ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है और इन दिनों स्कूल भी बंद है लिहाजा छात्रों को मोबाइल पर समय बिताने के बजाय खेल के मैदान पर खेल में समय देना चाहिए रोहित मिश्रा ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है सर्वांगीण विकास होता है इस दौरान तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने कहा कि खेल बच्चों के लिए बहुत जरूरी है जो बच्चे खेल में आगे रहते हैं उन्हें समाज में भी अच्छा स्थान प्राप्त होता है, छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेनी चाहिए, तहसीलदार ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है छात्रों के अभिभावकों से भी अपील की की बच्चों को मोबाइल पर समय बिताने की बजाय खेल में समय देने के लिए उत्साहवर्धन करेंगे।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के ग्रैंड फिनाले में मनाया सशक्तिकरण का जश्न


**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विन्ध्याचल के उमंग भवन सभागार में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के समापन समारोह का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें उल्लास, आत्मविश्वास और उत्सव की भावना झलक रही थी। इस समारोह में 120 से अधिक बालिकाओं की परिवर्तनकारी यात्रा को प्रेरणादायक प्रस्तुतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



समारोह की शोभा बढ़ाई एनटीपीसी विन्ध्याचल के कार्यकारी निदेशक श्री ई. सत्य फणि कुमार की उपस्थिति ने। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे श्री राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी सिंगरौली); श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज); श्री अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी रिहंद); श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, अध्यक्षा (वर्तिका महिला मंडल); श्री मनीष राय, वरिष्ठ कमांडेंट (सीआईएसएफ); श्री बी. पुझार रमेश, क्वालिटी चैम्पियन; तथा श्री भास्कर चौधरी, सहायक कमांडेंट (सीआईएसएफ)। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी विन्ध्याचल के वरिष्ठ प्रबंधन — श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा); श्री डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री); श्री अतीन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना); श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (रखरखाव एवं मेंटीनेंस); श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन); श्री उमेश कुमार, महाप्रबंधक (ईएम); श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (टीएस) और श्री राकेश अरोरा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

सहभागिता और समर्थन में महिला क्लबों की अहम भूमिका सहासिनी संघ, जो जेम बालिकाओं के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाता है, की ओर से उपस्थित रहीं — श्रीमती सरोजा फणि कुमार (अध्यक्षा), श्रीमती सारिका चतुर्वेदी (उपाध्यक्ष), श्रीमती त्रिवेणी पाला (वरिष्ठ सदस्य), श्रीमती शिल्पा कोहली (महासचिव) और श्रीमती मुस्कान अरोरा (वरिष्ठ सदस्य)। समारोह की शुरुआत और कार्यक्रमों की झलक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और एनटीपीसी गीत की मधुर प्रस्तुति से हुआ, इसके पश्चात, जेम बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रेरणादायक गीत, प्रार्थनाएँ, आत्म-रक्षा प्रदर्शन, सहज योग पर नाट्य मंचन, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल ने बालिकाओं को बांटी साइकिलें



**सिंगरौली, देशबन्धु।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने जेम 2025 की प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया।

यह पहल बालिकाओं को सुरक्षित और विश्वसनीय आवागमन का साधन प्रदान करने के उद्देश्य से की गई, जिससे वे अपनी शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा सकें।इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ई. सत्य फणी कुमार, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी विन्ध्याचल)उपस्थित थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी सिंगरौली); श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्ष (वनिता समाज), अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी रिहंद), शिखा श्रीवास्तव, अध्यक्षा (वर्तिका महिला मंडल), मनीष राय, वरिष्ठ कमांडेंट (सीआईएसएफ), बी. पुझार रमेश, क्वालिटी चैम्पियन; और भास्कर चौधरी, सहायक कमांडेंट (सीआईएसएफ) । इन सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष और यादगार बना दिया।साइकिल वितरण केवल एक सामग्री सहायता नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, अवसर और उज्जवल भविष्य की ओर एक कदम था। यह पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक प्रतिबद्ध बनाती है।

एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि वह केवल ऊर्जा उत्पादन में ही अग्रणी नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास में भी एक सशक्त राष्ट्र निर्माता की भूमिका निभा रहा है।

# रहस्यमयी हालात में मिला युवक का शव हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के अमरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम पड़वार में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के ही एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान 20 वर्षीय आदिवासी युवक दुर्गेश कोल पिता किशन कोल के रूप में हुई। बताया गया कि दुर्गेश का शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेरदाई मंदिर के पास स्थित सन्यासी बाबा की तलैया के समीप बरामद किया गया है।

स्थानीय लोगों ने जब शव को देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर गहरी चोटों के निशान मौजूद थे। इस वजह से ग्रामीणों और परिजनों को संदेह है कि दुर्गेश की मौत सामान्य नहीं, बल्कि साजिशन हत्या हो सकती है।

परिजनों ने बताया कि दुर्गेश बीती रात तक अपने घर पर ही मौजूद था और किसी तरह की अनहोनी की आशंका नहीं थी। सुबह जब वह घर से नदारद मिला, तो परिजन उसे ढूंढने निकले। कुछ घंटों बाद उसकी लाश गांव से दूर सुनसान स्थान पर मिली। शव मिलने के स्थान और शरीर पर मौजूद चोटों ने इस घटना को और भी रहस्यमयी बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि खेरदाई मंदिर के पास का इलाका सुनसान और झाड़ियों से घिरा हुआ है, जहां आमतौर पर लोग रात के समय नहीं जाते। ऐसे में वहां शव मिलना कई सवाल खड़े करता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमरपुर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है ताकि मौके से मिले सुरागों के आधार पर सच्चाई सामने लाई जा सके। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि युवक की मौत दुर्घटना थी या सुनियोजित हत्या।

# कोयलांचल क्षेत्र में अवैध कारोबारियों के हौंसले बुलंद, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**चचाई/अमलाई, देशबन्धु।** औद्योगिक एवं कोयलांचल क्षेत्र में चहुओर अवैध कारोबारी के हौसले इस कदर सातवे आसमान पर हैं की शासन प्रशासन एवं स्थानीय जनपद जनप्रतिनिधियों के समर्थन संरक्षण के कारण राजा कबाड़ी का धंधा इस समय दिन दूनी रात चौगुनी की रफ्तार से बढ़ रहा है और पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने की जगह इसके काले धंधे की तरफ अपनी आंख बंद किए हुए हैं किसके कारण इसका हौसला इस कदर बुलंद होता जा रहा है कि अब वह अपने मुंह से कहने लगा है कि मैं इस कबाड़ के काले धंधे का कोईलांचल का इकलौता राजा हूं मेरा कोई क्या बिगाड़ लेगा और उसके इस बड़ बोलेपन को सुनकर इस क्षेत्र की जनता को अब इस पुलिस इसका बजा बजाकर कब इसे जेल के शिकंजे खड़ा करके इसे कानून का पाठ पढ़ायेगी।

अमलाई क्षेत्र में बस स्टैंड के पास एवं चचाई सहित कई जगहों पर कबाड़ के धंधा करने वाले कबाड़ियों की हुजूम सी लगी रहती थी किंतु इतने वर्षों के अंतराल में शासन प्रशासन के अधिकारियों के दबाव और जनता के शिकायतों को मद्दे नजर रखते हुए कई ऐसे कबाड़ी जो अपने समय के नामी व जाने-माने हुआ करते थे जैसे ईटा भट्ठा क्षेत्र का एक कबाड़ी कबाड़ के धंधे को लेकर पूरे संभाग में फेमस था वही दूसरी ओर नवाब नाम का कबाड़ी जो कि अपने इस धंधे को लेकर लोगों के बीच अपनी पहचान और अपने नाम को अलग ही बनाया हुआ था, किंतु आज वर्तमान स्थिति में इस पूरे संपूर्ण क्षेत्र में राजा नामक कबाड़ी का एक छत्र राज्य है, जिसके द्वारा औद्योगिक इकाइयों उद्योग के अंदर रात के अंधेरे में अपने गिरोह के माध्यम से देश कीमती लोहा इस्पात एवं अन्य उपकरणों की चोरी करता है। यही नहीं एसईसीएल सोहागपुर धनपुरी क्षेत्र में कॉलरियो से भी बड़े-बड़े लोहा पाइपलाइन एवं बेस् कीमती पार्ट्स चोरी करने में गुरेज नहीं करता।

अनूपपुर एसपी के आगमन के दौरान उनके कार्य प्रणाली एवं गतिविधियों को देखते हुए इस राजा नामक कबाड़ी ने सामने से अपनी दुकान पर ताला लटका दिया था और रात के अंधेरे में ही अपने कबाड़ के धंधे को अंजाम दे रहा था और दिन के उजाले में अपने आपको पाक साफ और ईमानदार बताने का प्रयास कर रहा था इस कबाड़ी के ऊपर प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कई बार मध्य प्रदेश




विद्युत मंडल चचाई ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना अमलाई और साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत संचालित भूमिगत खदान एवं ओपन कास्ट से वेश कीमती लोहा इस्पात की चोरी करते पकड़े जाने और मामला दर्ज होने का खिताब दर्ज है और जिला बदर होने की कार्यवाही भी की जा चुकी है किंतु कुछ ऐसे समाज के विपरीत कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि जिनके द्वारा ऐसे अपराधी गतिविधियों में लिप्त रहने वाले अपराधी और कबाड़ी को दानवीर कर्ण और धर्मात्मा बनाने का प्रयास बदस्तूर जारी है। कुछ दिनों पूर्व नगर परिषद चुनाव के दौरान अपनी पत्नी को पार्षद पद के चुनाव के लिए मैदान मे उतरा किंतु अपने कबाड़ के धंधे की छवि के कारण जनता के बीच अपनी पैठ बनाने में नाकाम साबित हुआ, किंतु अभी भी अपने कबाड़ की दुकान के आसपास सफेद पोस् नेता बनकर घूमता रहता है।

यह राजा नामक कबाड़ का धंधा करने वाला अवैध कारोबारी जहां पर कबाड़ की दुकान संचालित की जा रही है, सामने में शिव जी का मंदिर है और इसके कबाड़ की दुकान के पीछे मध्य प्रदेश शासन की लगभग 12 एकड़ भूमि रिक्त पड़ी है जिसमें इसके द्वारा धीरे-धीरे करके कब्जा किया जा रहा है। गौर तलब हो कि अब यह दिन के उजाले में भी अपने कबाड़ की दुकान के पीछे से वाहन में कबाड़ लोड कर कर कटनी या बिलासपुर की ओर विक्रय करने के लिए भेजता है। यही नहीं इस जिला बदर अपराधी के द्वारा अपने कबाड़ की दुकान की पीछे पीसीसी सड़क का भी निर्माण कार्य किया हुआ है मतलब पक्की रोड बनाया हुआ है जहां पीछे से इसके द्वारा चोरी के कबाड़ इकट्ठे किए जाते हैं वह लोड होकर बाहर बिक्री के लिए भेजे जा रहे हैं यह इतना शातिर है की किसी को भी गुमराह करने में परहेज नहीं करता।